**<u>न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कुण्डा, प्रतापगढ़।</u>**

**UPPG160034482026**

**<u>Bail Application/ 376 /2026</u>**
**राज्य उ.प्र. बनाम रामभवन यादव आदि**

**दिनांक–30.05.2026**

अभियुक्तगण रामभवन यादव, अभिषेक यादव उर्फ गुड्डू, प्रशान्त यादव उर्फ नन्चू व सौरभ की ओर से मुकदमा संख्या–2837/2025, मु०अ०सं०–82/2025, अन्तर्गत धारा–115(2), 352, 351(3), 324(4) बी०एन०एस०, थाना–कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ के प्रकरण में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। अभियुक्तगण सशरीर न्यायालय में उपस्थित हैं।

अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता का तर्क है प्रार्थीगण/अभियुक्तगण को असत्य कथनों के आधार पर रंजिशन हैरान व परेशान करने के लिये फंसाया गया है। वह निर्दोष हैं। प्रार्थीगण/अभियुक्तगण को जमानत पर रिहा किया जाए। जबकि विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा जमानत का विरोध किया गया है।

अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता व विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी को सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली पर उपलब्ध पुलिस प्रपत्रों के सम्यक परिशीलन से यह विदित होता है कि प्रार्थीगण/अभियुक्तगण पर मुख्य रूप से वादी मुकदमा आशीष कुमार जायसवाल ने भद्दी–भद्दी गालियां व लाठी–डंडा से मारने–पीटने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थीगण/अभियुक्तगण की गिरफ्तारी दौरान विवेचना नहीं हुई है तथा विवेचक द्वारा अभियुक्त का बयान भी दर्ज किया गया है। प्रकरण में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल है। सभी धारायें मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा परीक्षणीय है। मामले के तथ्य, परिस्थितियों एवं विधि व्यवस्था **सतेन्द्र कुमार अंतिल बनाम सी०बी०आई० 2021(10) एसी०सी०सी० 773** के दृष्टिगत अभियुक्तगण को जमानत पर रिहा किये जाने हेतु आधार पर्याप्त है।

**<u>आदेश</u>**

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की विधि व्यवस्था Smt. Bacchi Devi vs State of U.P. and Another, Neutral Citation No.– 2025: AHC: 136034 के पैरा 38 (I) के अनुपालन में हस्तगत प्रकरण में अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मुवलिग 25,000/– रूपये का व्यक्तिगत बन्धपत्र एवं अंडरटेकिंग दाखिल करने पर उन्हे निम्नलिखित शर्तो के अधीन जमानत पर रिहा किया जाए।

1. अभियुक्तगण विचारण में सहयोग करेंगे, अनावश्यक स्थगन नहीं प्रस्तुत करेंगे।
2. मामले के वादी मुकदमा एवं अन्य साक्षीगण को उत्प्रेरित नहीं करेंगे और न ही साक्ष्य से किसी प्रकार का छेड़छाड़ करेंगे।

**(आकृति गौतम)**
**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**कुण्डा, प्रतापगढ़।**

स्टेनो–सुनील कुमार पटेल(II)

Digitally signed by AKRITI GAUTAM
Date: 2026.06.11 08:13:55 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court